Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
CIN No. : U85100BR2010SGC015886

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांकः— BMSICL/80105/11-2022/8514 दिनांकः— 11/01/2024

कार्यालय आदेश

जिला अस्पताल, सीतामढ़ी के परिसर में 42 शैय्या वाले प्री—फैब PICU का निर्माण कार्य हेतु संवेदक, Shashikant Singh, Vill+Post-Adauri, P.S-Purnahia, Distt.-Sheohar को इस निगम के पत्रांक BMSIC/80105/11-2022/10066 दिनांक—20.03.2023 के द्वारा कार्यादेश निर्गत किया गया। कार्यादेश के अनुसार कार्य पूर्ण करने की कुल अवधि 03 माह अर्थात् दिनांक 19.06.2023 तक है।

उपमहाप्रबंधक (परि0), सीतामढ़ी द्वारा ज्ञापांक 260 दिनांक 11.12.2023 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि 42 शैय्या वाले प्री—फैब PICU के स्थान पर पर्याप्त भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण 39 शैय्या वाले प्री—फैब PICU का निर्माण हेतु Drawing Re-design कराकर संवेदक को दिनांक 09.09.2023 को उपलब्ध कराया गया है। इस परियोजना के निर्माण कार्य को पूर्ण करने की अवधि मात्र 3 माह अर्थात् 08.12.2023 है किन्तु 3 महीना बीत जाने के उपरांत Plinth तक का भी कार्य पूर्ण नहीं किया गया है।

O/C

दिनांक 19.12.2023 को प्रबंध निदेशक महोदय के अध्यक्षता में आहुत समीक्षात्मक बैठक के क्रम में यह निदेश प्राप्त हुआ कि राज्य के जिलान्तर्गत 100/50/42/32/20 शैय्या वाले प्री—फैब अस्पताल का निर्माण कार्य जिस संवेदक द्वारा अबतक पूरा नहीं किया गया है उन्हें डिबार किया जाय। जिसे इस कार्यालय का पत्रांक BMSIC/65025/39-2023/8111 दिनांकः—27.12.2023 द्वारा सभी उपमहाप्रबंधक को भी सूचित किया गया है।

वर्तमान में कार्यस्थल पर निर्माण कार्य की प्रगति काफी धीमी है। उक्त के आलोक में संवेदक को कई बार मौखिक एवं प्रसांगिक पत्रों द्वारा लिखित रूप से निदेश देने के बावजूद भी कार्य में शिथिलता एवं उदासीनता बरते जाने के कारण उपमहाप्रबंधक (परि0), सीतामढ़ी द्वारा डिबार करने की अनुशंसा की गई है।

उक्त के आलोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 में निहित सुसंगत कंडिकाओं के तहत् कार्य पूर्ण होने तक संवेदक, Shashikant Singh, Vill+Post-Adauri, P.S-Purnahia, Distt.-Sheohar को अगली निविदा में भाग लेने से वंचित (**Debar**) किया जाता है।

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

11/1/24
मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
2nd & 3rd Floor, Swasthya Bhawan, Behind IGIMS, Sheikhpura,
Adjacent to State Health Society, Patna 800014, Bihar.
Phone/Fax: +91-6122283287, +91-6122283289
www.bmsicl.gov.in

ज्ञापांकः— BMSICL/80105/11-2022/8514 दिनांकः— 11/01/2024

प्रतिलिपिः— Shashikant Singh, Vill+Post-Adauri, P.S-Purnahia, Distt.-Sheohar को सूचनार्थ एवं दिए गए निदेश का अनुपालनार्थ प्रेषित।

11/1/2024

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः— BMSICL/80105/11-2022/8514 दिनांकः— 11/01/2024

प्रतिलिपिः— अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, लधु संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुलिस निर्माण निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, आधारभूत सरंचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल उद्योग भवन, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना तथा अन्य सभी कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

11/1/2024

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः— BMSICL/80105/11-2022/8514 दिनांकः— 11/01/2024

प्रतिलिपिः— सभी महाप्रबंधक BMSICL एवं सभी उपमहाप्रबंधक, BMSICL, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11/1/2024

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः— BMSICL/80105/11-2022/8514 दिनांकः— 11/01/2024

प्रतिलिपिः— जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी को सादर सूचनार्थ समर्पित।

11/1/2024

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः— BMSICL/80105/11-2022/ दिनांकः—

प्रतिलिपिः— प्रबंध निदेशक, BMSICL, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः— BMSICL/80105/11-2022/ दिनांकः—

प्रतिलिपिः— श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम), BMSICL, को सूचनार्थ एवं निदेश दिया जाता है कि प्राप्त पत्र को BMSICL, के वेबसाईट पर Upload किया जाए।

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)